हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज आइकॉन

T.C. NO. MAHHIN10172

संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला | ईमेल: newsicon2021@gmail.com | मूल्य: रु. - 2/-

वर्ष: 1 | अंक: 39 | पृष्ठ: 8 | शुक्रवार 4 फरवरी से 10 फरवरी 2022

# शिवसेना का बड़ा ऐलान अकेले लड़ेंगे चुनाव


**मुंबई:** शिवसेना नेता अनिल देसाई ने कहा चुनाव अकेले लड़ेंगे और अपने दम पर 100 से अधिक सीटें जीतने का दावा करते है। देसाई ने मीडिया रिपोर्टों का संज्ञान लेते हुए दावा किया कि शिवसेना पहले कई बार बीएमसी सत्ता में रही है और वह अपने दम पर अकेले ही चुनाव लड़ सकती है। शिवसेना नेता अनिल देसाई ने कहा, महाराष्ट्र में हम कांग्रेस और राकांपा के साथ गठबंधन में हैं। पुणे में राकांपा नेतृत्व ने आज घोषणा की कि वे अकेले चुनाव लड़ने जा रहे हैं। शिवसेना बीएमसी में हमेशा से ही लगभग 100 सीटें जीतती रही है और इस बार हम अकेले बीएमसी चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। बता दें कि शिवसेना और एनसीपी गठबंधन कर गोवा विधानसभा चुनाव लड़ेगी, जैसा कि घोषणा की गई थी। गौरतलब है कि परिसीमन की प्रक्रिया के अंतर्गत 24 वार्डों में बीएमसी की कुल सीटों को 227 से बढ़ा दिया गया है इसे अब 236 कर दिया गया है। बीएमसी के लिए चुनाव मार्च के अंतिम सप्ताह या अप्रैल की शुरूआत में होने की संभावना है।

फिलहाल 227 सीटों में से शिवसेना के पास 97 सीटें हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी के पास 83, कांग्रेस के पास 29, एनसीपी के पास 8, समाजवादी पार्टी के छह, दो सीटें ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन के पास है और एक सीट महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के पास है।

## भाजपा विधायक नितेश राणे ने कोर्ट में किया समर्पण, पुलिस हिरासत में भेजा गया



**मुंबई:** महाराष्ट्र के भाजपा विधायक नितेश राणे ने बुधवार को सिंधुदुर्ग की अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। समर्पण के बाद उन्हें चार फरवरी तक पुलिस की हिरासत में भेज दिया गया है। उन पर एक शिवसेना कार्यकर्ता पर जानलेवा हमले का आरोप है। नितेश केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के पुत्र हैं। चार बार निचली अदालत से व एक बार मुंबई उच्च न्यायालय से अग्रिम जमानत की अर्जी खारिज होने के बाद नितेश राणे ने पुनः उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत की अर्जी लगाई थी। लेकिन उनके वकील सतीश मानेशिंदे ने वह अर्जी वापस लेने का आवेदन किया।




ICON OPTICAL GALLERY

- Buy 2 Prs of prescription Antireflection glasses of Rs 1600/- and get 2 frames free......
- Buy 2 Prs of Blue Cut Antireflection prescription glasses of Rs 1899/- and get 2 frames free......
- Buy 1 Frame or Sunglass & get 1 Frame or Sunglass free Rs 1000/- onwards......
- Branded Frames, Sunglasses & Glasses available with discount.
- We make any Single Vision, Bifocal and Progressive prescription Glasses in 1 or 2 hrs.

9819292152
murtaza12152@yahoo.com
Shop No. 52, R.N.A. Arcade, Lokhandwala Complex, Andheri (West), Mumbai - 400 053

# अनिल देशमुख का बड़ा खुलासा

## मनसुख हिरेन की मौत व एंटीलिया मामले का मास्टरमाइंड है परमबीर



**मुंबईः** महाराष्ट्र के गृहमंत्री अनिल देशमुख ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की पूछताछ में मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह को एंटीलिया मामले व मनसुख हिरेन की हत्या के मामले का मास्टर माइंड बताया है। ये दोनों घटनाएं पिछले वर्ष फरवरी व मार्च के महीने में हुई थीं। अब तक एंटीलिया व मनसुख हिरेन हत्याकांड में सचिन वाझे व प्रदीप शर्मा सहित कुछ और पूर्व पुलिस अधिकारी जेल में हैं। अब अनिल देशमुख ने इन दोनों मामलों का मास्टर माइंड परमबीर को बताकर एक नया खुलासा किया है। देशमुख इससे पहले भी चांदीवाल आयोग को बता चुके हैं कि जब एंटीलिया कांड के बाद उन्होंने तीन अपर मुख्य सचिवों की मौजूदगी में परमबीर सिंह को पूछताछ के लिए बुलाया था, तो वे डर के कारण कांप रहे थे। वहां मौजूद अधिकारियों ने जब यह मामला एटीएस को सौंपने का सुझाव दिया, तो परमबीर ने आपत्ति जताते हुए मामले की जांच मुंबई पुलिस के ही पास रखने को जोर दिया था समाचार एजेंसी एएनआइ के मुताबिक, महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख ने बुधवार को ईडी को बताया कि मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह मनसुख हिरेन की मौत मामले और एंटीलिया बम मामले का मास्टरमाइंड है। उन्होंने यह भी कहा कि परमबीर ने झूठी जानकारी दी और तथ्यों को छुपाया है। गौरतलब है कि इससे पहले अनिल देशमुख ने एंटीलिया मामले में बड़ा खुलासा किया था। देशमुख के मुताबिक, उन्होंने इस मामले में तीन अपर मुख्य सचिवों की उपस्थिति में परमबीर सिंह को पूछताछ के लिए बुलाया था। अनिल देशमुख ने कहा कि पूछताछ के दौरान परमबीर सिंह डर से कांप रहे थे। अनिल देशमुख ने कहा कि वहां मौजूद अधिकारियों ने सुझाव दिया कि इस मामले को एटीएस को स्थानांतरित किया जाए, लेकिन इस पर आपत्ति जताते हुए मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह ने कहा कि जांच मुंबई पुलिस को दी जाए। देशमुख ने यह बात चांदीवाल आयोग के सामने कही। इस मौके पर कड़ाई से पूछताछ के दौरान परमबीर सिंह ने कहा था कि मुझे नहीं पता कि मुकेश अंबानी के घर के बाहर किस तरह के विस्फोटक लदी कार खड़ी थी। इससे पहले अनिल देशमुख की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए और बढ़ा दी गई है। उन्हें ईडी ने दो नवंबर, 2021 को उनके खिलाफ जबरन वसूली और मनी लांड्रिंग के आरोपों के सिलसिले में गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल मुंबई की आर्थर रोड जेल में बंद है।

## अंडरवर्ल्ड डान छोटा राजन को मकोका मामले में मुंबई कोर्ट ने किया बरी



**मुंबईः** अंडरवर्ल्ड डान छोटा राजन को मुंबई की एक विशेष अदालत ने मकोका मामले में बरी कर दिया। मुंबई के बांद्रा इलाके में एक मार्च 1999 को हुई गोलीबारी में पांच लोगों की मौत के मामले में अन्य लोगों के साथ छोटा राजन को भी आरोपित बनाया गया था। आरोपितों पर मकोका लगाया गया था। गौरतलब है कि एक मार्च 1999 को बांद्रा में हुई गोलीबारी में पांच लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले में शुरू में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। बाद में पुलिस ने जांच के आधार पर आरोपितों की पहचान की। छोटा राजन के वकील ने दलील दी कि इस मामले में छोटा राजन के खिलाफ कोई प्रत्यक्ष सुबूत नहीं था। अदालत ने दोनों पक्षों, अभियोजन और बचाव पक्ष की दलीलों को सुनने के बाद छोटा राजन को बरी कर दिया इस मामले में अजय सुरेश मोहिते उर्फ अजय सूरजभान श्रेष्ठ उर्फ अजय नेपाली, राजन सदाशिव निखलजे उर्फ छोटा राजन, हेमंत रमन्ना पुजारी, कुंदन सिंह नरसिंह रावत, समर अशोक माणिक, और और विक्रांत उर्फ विक्की मल्होत्रा को आरोपित बनाया गया था। सुरेश मोहिते को 2004 में विशेष अदालत ने बरी कर दिया था।

# सचिन वाझे की पुनर्नियुक्ति के लिए उद्धव, आदित्य व देशमुख ने परमबीर पर डाला था दबाव



मुंबई, राज्य ब्यूरो। मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को बताया कि पुलिस विभाग में 16 साल बाद सचिन वाझे की पुनर्नियुक्ति के लिए सीधे तत्कालीन गृहमंत्री अनिल देशमुख ने उन पर दबाव बनाया था। परमबीर के अनुसार, उन्हें इस संबंध में मंत्री आदित्य ठाकरे व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से भी निर्देश प्राप्त हुए थे। कुछ दिनों पहले ही महाराष्ट्र के पूर्व मुख्य सचिव सीताराम कुंटे ने ईडी को दिए अपने बयान में बताया था कि तत्कालीन गृहमंत्री अनिल देशमुख की ओर से उनके पास पुलिस अधिकारियों के ट्रांसफर व पोस्टिंग के लिए सीधे नाम भेजे जाते थे। कुंटे के इस बयान के बाद ही पहले से जेल में बंद अनिल देशमुख की मुसीबतें बढ़ गई थीं। अब परमबीर सिंह द्वारा सचिन वाझे के पुनर्नियुक्ति संबंधी विवाद में अनिल देशमुख सहित उद्धव ठाकरे व उनके पुत्र आदित्य का नाम लेकर एक नए विवाद को जन्म दे दिया है। परमबीर ने ईडी को बताया कि वाझे को पुनर्नियुक्ति देने का कारण पुनर्विचार समिति की फाइल में दर्ज है, लेकिन उन्हें आन रिकार्ड यह कहने में कोई आपत्ति नहीं है कि वाझे की पुनियुक्ति के लिए उन पर अनिल देशमुख ने दबाव डाला गौरतलब है कि मुंबई पुलिस की नौकरी से 16 साल निलंबित रहने के बाद सचिन वाझे को सीधे क्राइम ब्रांच में नियुक्ति देकर उसे क्राइम इंटेलीजेंस यूनिट का प्रभारी बनाया गया था। उसकी पुनर्बहाली में अनिल देशमुख की महत्वपूर्ण भूमिका थी। परमबीर के अनुसार, वाझे ने उन्हें खुद बताया था कि अनिल देशमुख ने उससे 100 करोड़ रुपये मुंबई के बारों व रेस्टोरेंट्स से हर महीने वसूल करने को कहा था। बताया जाता है कि अनिल देशमुख एपीआइ स्तर के अधिकारी सचिन वाझे से अक्सर फोन पर बात किया करते थे। देशमुख के निर्देश पर ही दिसंबर, 2020 से फरवरी, 2021 के बीच सचिन वाझे ने मुंबई के विभिन्न आरक्रेस्ट्रा बार मालिकों से 4.70 करोड़ रुपये वसूलकर अनिल देशमुख के निजी सहायक के जरिए उन तक पहुंचाए थे।

# बीएमसी ने पेश किया 45949 करोड़ रुपये का बजट

## BEST को 750 करोड़ का पैकेज

मुंबईः देश के सबसे धनी नगर निकाय बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने गुरुवार को निकाय चुनावों से पहले वर्ष 2022-23 के लिए 45,949.21 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। बजट अनुमान पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 17.70 प्रतिशत अधिक है, पिछले साल बीएमसी ने 39,038.83 करोड़ रुपये का बजट पेश किया था। मुंबई नगर निगम आयुक्त इकबाल सिंह चहल ने बीएमसी मुख्यालय में आयोजित नागरिक स्थायी समिति की बैठक से पहले बजट पेश किया। बजट में नगर निकाय ने 500 वर्ग फुट तक के कार्पेट एरिया के फ्लैटों के लिए संपत्ति कर के भुगतान से 100 प्रतिशत राहत की घोषणा की। चहल ने अपने बजट भाषण में कहा, हलगभग 16,14,000 नागरिकों को 100 प्रतिशत संपत्ति कर राहत




मिलेगी। नागरिकों को छूट की राशि 462 करोड़ रुपये प्रति वर्ष है। 1 जनवरी को, मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने मुंबई नगरपालिका क्षेत्र की सीमा के भीतर स्थित 500 वर्ग फुट तक की आवासीय इकाइयों के लिए संपत्ति कर माफ करने के निर्णय की घोषणा की थी। स्थायी समिति में आम बजट पेश करने से पहले बीएमसी ने 3,370.24 करोड़ रुपये का शिक्षा बजट भी पेश किया। इस साल का शिक्षा बजट अनुमान पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 14.45 प्रतिशत अधिक है जब बजट 2945.78 करोड़ रुपये था। बीएमसी ने कोरोना महामारी से सबसे ज्यादा प्रभावित होटल इंडस्ट्री को भी राहत दी है। महामारी के दौरान होटल मालिकों से बीएमसी प्रशासन को मिले सहयोग को देखते हुए इस बार उन्हें संपत्ति कर में रियायत दी गई है। वहीं, हर साल जनवरी के महीने में विज्ञापन होर्डिंग शुल्क के रूप में 10% की वृद्धि को कम करके इस बार केवल 5% की वृद्धि की गई है। बीएमसी ने इस बजट में अपनी महत्वाकांक्षी परियोजना कोस्टल रोड के लिए फंड बढ़ाकर 2000.07 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जबकि पिछले साल यानी 2020-21 में 1500.01 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था. मुंबई के उपनगरीय इलाके में गोरेगांव से मुलुंड लिंक रोड के लिए भी 1,300 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। लोकल ट्रेनों और बेस्ट बसों को मुंबई की नसें और धमनियां कहा जाता है। इस लिहाज से मुंबई की दूसरी लाइफलाइन बेस्ट बसों पर बीएमसी की कृपा हुई है। इस बजट के मुताबिक बीएमसी बेस्ट को 750 करोड़ रुपये देगी। कोविड के दौरान ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले बेस्ट कर्मचारियों के परिवारों को 50 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करने का भी प्रस्ताव किया गया है। इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट में किसी भी तरह की परेशानी से बचने के लिए प्रभावित लोगों को मुआवजा देने के लिए बजट में अलग से 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है

## मुंबई के मुलुंड इलाके में बंदूक की नोक पर 1 करोड़ की लूट

**मुंबईः** मुंबई के मुलुंड इलाके में बुधवार को तीन अज्ञात बदमाशों ने बंदूक की नोक पर एक कार्यालय से करीब 1 करोड़ रुपये लूट लिये। बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है। समाचार एजेंसी एएनआइ ने इस घटना का वीडियो जारी किया है जिसमें कार्यालय में लगे सीसीटीवी की फुटेज में इस घटना को अंजाम दे रहे बदमाशों को साफ देखा जा सकता है कि कैसे बंदूक की नोक पर वह नोट अपने बैग में भर रहे हैं। जोधपुर पुलिस ने बीते शनिवार को माता का थाना क्षेत्र में एक जौहरी से बंदूक की नोक पर लूट का खुलासा किया। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया था।

## शिवसेना नेता संजय राउत के करीबी प्रवीण राउत को ED ने किया गिरफ्तार

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय ने 1034 करोड़ रुपये के भूमि घोटाले के सिलसिले में एक प्रवीण राउत को गिरफ्तार किया है। इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सुजीत पाटकर के आवास पर तलाशी ली, जो शिवसेना नेता संजय राउत की बेटियों पूवार्शी और विधिता की एक फर्म में पार्टनर हैं। बता दें कि प्रवीण राउत




शिवसेना सांसद संजय राउत के करीबी बताए जाते हैं। एचडीआईएल कंपनी से जुड़ी गुरुआशीष कंस्ट्रक्शन कंपनी में प्रवीण राउत डायरेक्टर हैं। प्रवीण राउत का नाम इससे पहले दिसंबर 2020 में पीएमसी बैंक घोटाला मामले में सामने आया था। 2010 में प्रवीण राउत की पत्नी माधुरी ने संजय राउत की पत्नी को बिना ब्याज के 55 लाख रुपये का कर्ज दिया था। इस पैसे का उपयोग मुंबई के दादर इलाके में एक फ्लैट खरीदने के लिए किया गया था।

संजय राउत की पत्नी ने बाद में यह कहा कि की उन्होंने प्रवीण राउत की पत्न ी के पैसे वापस कर दिए हैं। एचडीआईएल में 1034 करोड़ का घोटाला सामने आने के बाद प्रवीण राउत को गिरफ्तार किया गया है।



संपादक

संपादक: मुर्तुजा मामाजीवाला

## मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर दिया ध्यान

*कोरोना संकट के बीच आया एक और आम बजट इसलिए विशेष रूप से उल्लेखनीय है, क्योंकि मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, न कि लोकलुभावन योजनाओं के जरिये फौरी वाहवाही पाने अथवा कोई राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की। यह कदम एक ऐसे समय उठाया गया जब राजनीतिक दृष्टि से सबसे अहम राज्य उत्तर प्रदेश समेत पांच राज्यों के चुनाव होने जा रहे हैं और उन्हें लघु आम चुनाव की भी संज्ञा दी जा रही है।*

*यह सही है कि बजट में मध्य वर्ग को कोई वैसी राहत नहीं मिली जिसकी अपेक्षा की जा रही थी, लेकिन यह महत्वपूर्ण है कि सरकार ने पूंजीगत व्यय में भारी-भरकम व्यय करने की योजना बनाई उसके साकार होने से अंततः आम आदमी को ही लाभ मिलेगा। इसके साथ-साथ अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। अर्थव्यवस्था को गति देने का काम शहरीकरण की उन योजनाओं को आगे बढ़ाने से भी होगा जिनका विवरण बजट में दिया गया है। शहरीकरण को प्राथमिकता देना समय की मांग है और जरूरत भी, क्योंकि आगामी कुछ वर्षों में देश की करीब पचास प्रतिशत आबादी शहरी क्षेत्रों में निवास करेगी। हमारे शहर न केवल आबादी के बढ़ते बोझ का वहन करने की क्षमता से लैस होने चाहिए, बल्कि उनमें विश्वस्तरीय सुविधाएं भी होनी चाहिए। जैसे जितना जरूरी यह था कि शहरों को संवारने पर ध्यान दिया जाए वैसे ही यह भी कि गांवों को और अधिक उन्नत एवं सुविधासंपन्न बनाया जाए। बजट रोजगार सृजन की संभावनाओं को भी जगा रहा है। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि ये संभावनाएं जगी रहें। बजट भाषण में वित्त मंत्री ने न्यूनतम समर्थन मूल्य अर्थात एमएसपी जारी रहने का उल्लेख करते हुए जिस तरह यह रेखांकित किया कि इस मद में 2.37 लाख करोड़ रुपये का प्रविधान किया गया है वह यही बताता है कि सरकार ने उस दुष्प्रचार की हवा निकालना आवश्यक समझा जिसके तहत कुछ कथित किसान नेताओं के साथ कई विपक्षी नेता यह झूठ फैलाने में लगे हैं कि यह सरकार एमएसपी खत्म करने का इरादा रखती है। इस पर हैरानी नहीं कि विपक्ष को बजट रास नहीं आया। वह सदैव इसी तरह की नकारात्मक प्रतिक्रिया से लैस दिखता है और यही कारण है .*

# कितना बजट पहुंचेगा गांव तक



महामारी के समय बजट में वित्तीय घाटा स्वाभाविक है, लेकिन इससे घबराना नहीं चाहिए। गांवों की अनेक समस्याओं को खास संबोधित नहीं किया गया है। इस समय लोग बड़ी संख्या में अपने गांव और घर में हैं, कोई घर बनवा रहा है, तो कोई अपने लिए एक और कमरा। ऐसे में, निर्माण सामग्री के लिए कुछ व्यवस्था करनी चाहिए थी। आयात शुल्क को बदला गया है, कृषि उपकरणों में इससे फायदा होगा। एक बदलाव यह देखने में आया है कि पहले वार्षिक योजना में जो बातें होती थीं, अब वह बजट में होने लगी हैं। 25 साल की योजना बनानी है, बहुत अच्छी बात है, लेकिन योजना आयोग को तो आपने बंद कर दिया है, यह काम कैसे होगा, कौन करेगा?

बजट से परे अगर हम देखें, तो कृषि और ग्रामीण सुधार के लिए अनेक कदम उठाने की जरूरत है। जिला कलक्टरों को स्पष्ट निर्देश दिए जाने चाहिए कि आंशिक लॉकडाउन या अन्य कारणों से भी किसानों को कृषि गतिविधियों या परिवहन से कहीं न रोका जाए। नासिक से मुंबई की मिल्क ट्रेन हो और मेहसाणा से सूरत से आगे तक की दूध, सब्जियों और फलों की ट्रेन को फिर से शुरू करने की जरूरत है। कृषि विशेषज्ञ रमेश चांद बार-बार कहते रहे हैं कि व्यापार तभी होगा, जब परिवहन होगा। परिवहन में अड़चन की वजह से किसानों को कम से कम नुकसान पहुंचे, यह ध्यान रखना चाहिए।

किसान अभी भी खुश नहीं हैं, क्योंकि उनसे किए गए वादे पूरे नहीं हुए हैं। एक कोशिश रही है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य बंद हो जाए। सरकार में ऐसे सलाहकार हैं, जो लगातार कहते हैं कि एमएसपी बंद कर दो। जहां अच्छा पानी है, मिट्टी उपजाऊ है, वहां तो फसलों का विविधीकरण होना ही चाहिए। इसका समर्थन मैं भी करता हूं। पर इसका मतलब यह नहीं है कि पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में धान की खेती न की जाए। यह तो बिल्कुल वैसे ही है कि आप गुजरात से कहें कि आप मूंगफली की खेती सौराष्ट्र में नहीं करने देंगे। फसल के विविधीकरण का मतलब यह नहीं कि क्षेत्र की जो प्रमुख अनुकूल फसल है, उसे भी आप बदल दें। ऐसी गलती से बचना चाहिए। पंजाब और अन्य जरूरतमंद राज्यों में आपको न्यूनतम समर्थन मूल्य ठीक से देना ही चाहिए। दूसरी जगहों पर बाजार की मदद चाहिए, तो उसके लिए यथोचित तैयारी होनी चाहिए। जैसे गुजरात में तेलहन की खेती होती है। गुजरात के ऊंझा से दुनिया भर में ईसबगोल जाता है। नासिक में अंगूर की खेती होती है, तो इसके प्रोत्साहन के लिए तैयार रहना चाहिए। जहां-जहां किसानों के लिए परिवहन अभी रुका हुआ है, उसके बारे में जल्दी प्रशासनिक फैसला लेने की जरूरत है।

हम देख रहे हैं कि सही तुलना का अभाव हो रहा है। जैसे बजट अनुमान को संशोधित अनुमान में कम कर दिया जाता है, क्योंकि सरकार के पास साधन नहीं होते हैं। अब तो बजट में पांच-पांच साल के लिए अनुमान किए जाने लगे हैं। एक साल का भी जो वादा होता है, उसका क्रियान्वयन नहीं हो पाता है, क्योंकि साधन नहीं होता। पिछले साल के संशोधित अनुमान के साथ तुलना होती है, सवाल यह है कि पिछले साल के बजट की तुलना में क्या बढ़ाया जा रहा है। संशोधित अनुमान में तो किसी भी समय कमी की जा सकती है। आर्थिक सर्वेक्षण देखें, तो पूंजी निर्माण कमोबेश स्थिर है। जो निर्धारित बजट है, उस हिसाब से खर्च नहीं होता है। बजट को मंजूरी मिलते जुलाई का महीना आ जाता है और जब खर्च शुरू होता है, तब अगले बजट की तैयारियां शुरू हो जाती हैं। बजट में पैसे जो जारी होते दिखते हैं, संशोधित अनुमान के स्तर पर कम हो जाते हैं। सरकार के पास पैसा कम पड़ने की चर्चा अलग है, यहां मुख्य बात यह है कि सरकार की प्राथमिकताएं क्या हैं? क्या गांव या कृषि के लिए पैसा कम पड़ रहा है?

# सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रस्तुत किया 5 वर्ष का रिपोर्ट कार्ड

## बोले- सपा ने बनवाई कब्रिस्तान की बाउंड्री, हमने विश्वनाथ धाम

**लखनऊ।** नई पारी के नामांकन से ठीक एक दिन पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी सरकार का बीते पांच वर्ष का लेखाजोखा प्रस्तुत किया। इसे जनता की अदालत में ‘रिपोर्ट कार्ड’ बताते हुए उन्होंने औद्योगिक से सांस्कृतिक विकास और सुरक्षा से लेकर स्वास्थ्य तक हर क्षेत्र में हुए काम का ब्योरा रखा। पिछली सरकारों के कार्यकाल के भी आंकड़े साथ रखते चल रहे योगी खास तौर पर सपा और भाजपा सरकार के बीच का फर्क दिखाने का प्रयास करते दिखे। अपने चिर-परिचित अंदाज में बोले भी कि सपा का विकास कार्य कब्रिस्तान की बाउंड्री में दिखता है, जबकि हमने श्री काशी विश्वनाथ धाम बनवाया, अयोध्या का विकास कराया।




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इन पांच वर्षों में तीन वर्ष की वह यात्रा है, जिसमें हमने निर्विघ्न काम किया। उसके बाद से दो वर्ष दुनिया के साथ उत्तर प्रदेश भी कोरोना की वैश्विक महामारी से जूझता रहा। फिर भी डबल इंजन की सरकार ने हर क्षेत्र में सुधारात्मक कदम उठाए। प्रदेश की छवि बदली। इस सफलता पर संतुष्ट नहीं होना है। जो यूपी आबादी के मामले में नंबर एक पर है, उसे हर क्षेत्र में नंबर एक पर पहुंचाना है।सीएम योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को गोरखपुर शहर सीट से नामांकन कराएंगे। इससे पहले गुरुवार को वह भाजपा प्रदेश मुख्यालय पहुंचे। यहां पत्रकारों से बातचीत में याद दिलाया कि वह सरकार के छह माह के रिपोर्ट कार्ड के साथ ही हर वर्ष कामकाज का ब्योरा जनता के सामने प्रस्तुत करते रहे हैं। सरकार के साढ़े चार वर्ष होने पर भी किया था और अब पांच वर्ष पूरे होने पर जब वह चुनाव में जा रहे हैं तो फिर लेखाजोखा पेश करना चाहते हैं कि उनकी सरकार ने पिछली सरकारों की तुलना में क्या बेहतर किया।


उन्होंने बताया कि 2017 से पहले केंद्र सरकार की किसी भी योजना में उत्तर प्रदेश नंबर एक पर नहीं था, जबकि आज करीब 50 योजनाओं में पहले स्थान पर है। यूपी को छठवें से दूसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनाया। ईज आफ डूइंग बिजनेस में प्रदेश 14वें से दूसरे स्थान पर पहुंचा। वह यह बताना भी नहीं भूले कि इन पांच वर्ष में सरकार को ढंग से काम करने का मौका तीन वर्ष ही मिला। बाद के दो वर्ष कोरोना महामारी का प्रकोप रहा।

# छिजारसी गेट पर ओवैसी की कार पर फायरिंग, AIMIM अध्यक्ष ने लगाया जानलेवा हमले का आरोप, 1 आरोपी अरेस्ट



मेरठ : मेरठ से दिल्ली जा रहे AIMIM चीफ असदुद्दीन ओवैसी के काफिले पर हमले की खबर है। हैदराबाद के सांसद ने कहा है कि उनकी गाड़ी पर गाजियाबाद के डासना में 3-4 राउंड फायरिंग की गई। उन्होंने खुद को महफूज बताया है। ओवैसी में कार में गोलियों के निशान दिखाते हुए तस्वीर भी ट्वीटर पर साझा की है। ओवैसी ने ट्विटर पर लिखा, कुछ देर पहले छिजारसी टोल गेट पर मेरी गाड़ी पर गोलियां चलाई गईं। 4 राउंड फायर हुए। 3-4 लोग थे, सब के सब भाग गए और हथियार वहीं छोड़ गए। मेरी गाड़ी पंक्चर हो गई, लेकिन मैं दूसरी गाड़ी में बैठ कर वहां से निकल गया। हम सब महफूज हैं। अलहमदु लिलाह। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है। ओवैसी ने दिल्ली पहुंचकर मीडिया से बातचीत करते हुए घटना का पूरा ब्यौरा दिया। ओवैसी ने मीडियाकर्मियों से कहा कि उनके साथ चार गाड़ियां थीं। पिलखुआ के टोलगेट के पास गाड़ी स्लो हुई, उसी दौरान तेज आवाज हुई। हमारी गाड़ी में बैठे लोगों ने कहा कि हमला हो रहा है। जब हम निकल रहे थे फिर आवाज आई। हमारी गाड़ी में गोलियों के निशान हैं। गाड़ी पंक्चर हो गई तो एक फ्लाईओवर के पास गाड़ी बदलकर दिल्ली पहुंचे।

# मध्य प्रदेश में कोरोना की तीसरी लहर में पहली बार एक दिन में नौ मरीजों की मौत



**भोपालः** कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर में पहली बार बुधवार को प्रदेश में एक ही दिन में नौ मरीजों की मौत हुई है। 80,530 सैंपल की जांच में 7,430 मरीज मिले हैं। इस तरह बुधवार को संक्रमण दर 9.22 फीसद रही। यह अच्छी बात है कि तीन दिन से संक्रमण दर 10 फीसद से कम है, जो कि पिछले हफ्ते 13 फीसद तक पहुंच गई थी। बता दें कि कोरोना की दूसरी लहर में सक्रमण दर अधिकतम 16 फीसद तक पहुंची थी। प्रदेश में गुरुवार को 7,359 मरीज मिले थे, जबकि छह मरीजों की मौत हुई थी।

# बिहार में कांग्रेस ने नहीं छोड़ी है राजद के साथ गठबंधन की आस


**पटनाः** दिल्ली से बिहार कांग्रेस के लिए उम्मीदों वाली खबर है। विधान परिषद की खाली 24 सीटों पर होने जा रहे चुनाव के लिए राजद और कांग्रेस के बीच फिर बातचीत शुरू होने जा रही है। गुरुवार की शाम चार बजे दिल्ली में लालू प्रसाद यादव के साथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मदन मोहन झा और राज्यसभा सदस्य अखिलेश प्रसाद सिंह के बीच बातचीत होनी है। राजद के रुख के बाद बैकफुट पर आ चुकी कांग्रेस को लालू प्रसाद ने आखिरकार मुलाकात का समय दिया है। विधानसभा की दो सीटों पर उपचुनाव के बाद



दोनों दलों के शीर्ष नेताओं की यह पहली मुलाकात होगी। पहले सात से आठ सीटों की मांग की जा रही थी, जिसे राजद ने खारिज कर सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी तय कर दिए हैं। ऐसे में कांग्रेस की मांग अब लालू यादव की मर्जी पर निर्भर है। बता दें कि विधान परिषद चुनाव में राजद ने अकेले उतरने का ऐलान कर दिया था। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि वे वामदलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। इसके बाद कांग्रेस की ओर से भी सभी सीटों पर अकेले लड़ने का ऐलान किया जाता रहा। लेकिन पार्टी के नेताओं का यह भी कहना था कि लालू जी से बात के बाद ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि लालू प्रसाद से बैठक के बाद कांग्रेस के लिए सीटों का ऐलान हो सकता है। कांग्रेस सात-आठ सीटें देने की मांग कर रही है। अब देखना है कि बैठक में क्या सामने आता है। इधर राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी का कहना है कि सभी 24 सीटों पर एनडीए को हराना है। इसमें कांग्रेस को भी जोर लगाना है।

## कविता

# कहै कबीर दीवाना-ओशो




आदमी क्यों पपीहा जैसा पुकार नहीं पाता? आदमी क्यों...? छोटे-छोटे पक्षी गा लेते हैं बिना कहीं सिखे, बिना किसी संगीत महाविद्यालय में प्रविष्ट हुए, बिना किसी गुरु के चरणों में वर्षों सेवा किए। पक्षी पा लेते हैं, आदमी के गीत को क्या हो गया है?

आदमियों का गीत वस्तुओं में दबकर मर गया है। आदमियों के कंठ में वस्तुएं भरी हैं। गीत निकल नहीं पाता। व्यक्तियों से प्रेम होता है, कंठ के अवरोध टूट जाते हैं। एक पुलक आती है, एक लगन पैदा होती है। जीवन अर्थपूर्ण मालूम होता है। जीवन से ऊब हटती है और लगता है, जीवन में एक रस है।

लेकिन व्यक्तियों का प्रेम भी कभी पूर्ण प्रेम नहीं हो पाता--हो नहीं सकता। क्योंकि दो अहंकार कैसे मिट सकते हैं? दोनों की चेष्टा होती है कि दूसरा मिट जाए। प्रेमी चाहता है, कि प्रेयसी का अहंकार टूट जाए और वह मेरे प्रति समर्पित हो जाए। जारी......

# क्या है दीपिका पादुकोण की डेली रूटीन?

बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण सोशल मीडिया के जरिए फैन्स से जुड़ी रहती हैं। अब उन्होंने लेटेस्ट वीडियो शेयर कर फैन्स को अपने डेली रूटीन की जानकारी दी है। वीडियो में दीपिका ने बताया कि वह सुबह उठने के बाद क्या करती रहती हैं। इसके साथ ही दीपिका ने कई सवालों के जवाब दिए। वीडियो में दीपिका कभी मुंबई की सड़कों पर घूमती हुई नजर आ रही हैं तो कभी शूट करते हुए। जब उनकी डेली रूटीन के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, यह बताना वास्तव में फिर ब्रेकफास्ट। मुझे पसंद है कि सुबह शांत हो। फिर मैं वर्कआउट करती हूं। नहीं भी। मुझे लगता है कि मेरा एक हिस्सा है कि मैं हर चीज को लेकर भी पसंद करती हूं और जैसी हो रही हों वैसे होने देती हूं। मेरी प्लानिंग लाइफ की बात करें तो दीपिका पादुकोण फिल्म पठान में नजर वह रणवीर सिंह की स्पोर्ट्स-ड्रामा फिल्म 83 में अहम भूमिका अपनी नई फिल्म फाइटर का ऐलान किया था।


इस फिल्म में वह ऋतिक रोशन के साथ नजर

मुश्किल है क्योंकि हर दिन एक जैसा नहीं होता है, लेकिन सुबह उठने के बाद ब्रश करती हूं और दीपिका से पूछा गया कि क्या वह बहुत प्लान करती हैं? इसके जवाब में उन्होंने कहा, हां और प्लान बनाना पसंद करती हूं और मेरा एक ऐसा हिस्सा है जिसमें मैं चीजों को स्वतंत्र छोड़ना कुछ इस प्रकार की होती है। तो, यह भी मेरे प्लान और रूटीन का हिस्सा है। प्रोफेशनल आएंगी। मूवी में वह शाहरुख खान, जॉन अब्राहम के साथ लीड रोल में हैं। इसके अलावा में दिखेंगी। इसके अलावा उनके पास शकुन बत्रा की फिल्म है। वहीं, हाल ही दीपिका ने

आएंगी।



# नोरा फतेही ने बिकिनी टॉप में किया शानदार डांस



बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही अपने शानदार डांस मूव्स और बोल्ड लुक के चलते सोशल मीडिया पर काफी सुर्खियों में रहती है। नोरा अक्सर सोशल मीडिया पर अपने डांस वीडियो फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। जो खूब वायरल होते हैं। अब ऐसा ही उनका एक वीडियो इंटरनेट पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वो धमाकेदार डांस करती नजर आ रही है।

इस वीडियो में अभिनेत्री पिंक कलर की बिकिनी टॉप और ब्लू कलर का डेनिम शॉर्ट्स पहने एक इंग्लिश सॉन्ग पर शानदार डांस मूव्स करती दिख रही हैं। उनके खुल बाल उनके लुक को और खूबसूरत बना रहे हैं। इस वायरल वीडियो को इंस्टाग्राम पर यूके की डांसर, मॉडल और कोरियोग्राफर गीना को टैग करत हुए उन्होंने कैप्शन लिखा, ह्यसमर टाइम वाइब्स.... बैक अप एंड वाइन इट नोरा की इस डांस वीडियो को सोशल मीडिया पर उनके फैंस खूब कर रहे हैं। वीडियो को अब तक इंस्टाग्राम पर 8 लाख से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं।

# केएल राहुल इस बड़ी वजह से वेस्टइंडीज के खिलाफ नहीं खेलेंगे पहला वनडे मुकाबला

नई दिल्ली, आनलाइन डेस्क। भारत को वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला 6 फरवरी खेलना है। इस मुकाबले में टीम इंडिया के वनडे टीम के उप-कप्तान केएल राहुल नहीं खेलेंगे। हालांकि वो दूसरे मुकाबले के लिए टीम के साथ जुड़ जाएंगे। पहले वनडे में उनके उपलब्ध नहीं रहने की वजह से ये कयास लगाया जा रहा था कि शायद उन्हें रेस्ट दिया गया है, लेकिन ऐसा नहीं है। इसके पीछे की जो असली वजह थी वो सामने आ गई है। दरअसल केएल राहुल अपनी सिस्टर की मैरिज की वजह से वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे मैच में नहीं खेलेंगे।




वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज से ठीक पहले तीन भारतीय खिलाड़ियों शिखर धवन, रुतुराज गायकवाड़ और श्रेयस अय्यर कोविड पाजिटिव पाए गए थे और इसके बाद लग रहा था कि पहले मैच के लिए उन्हें शायद टीम में बुलाया जा सकता था, लेकिन राहुल का अपनी बहन की शादी में व्यस्त होने के कारण अब यह पक्का हो गया है कि वह दूसरे वनडे से ही उपलब्ध होंगे। अब टीम में पहले वनडे के लिए मयंक अग्रवाल और इशान किशन को शामिल किया गया है। ईएसपीएन क्रिकइन्फो को मुताबिक केएल राहुल अपनी बहन की शादी की वजह से पहले वनडे मैच में नहीं खेलेंगे, हालांकि उनकी सिस्टर की शादी कब है इसकी जानकारी हासिल नहीं हो पाई है। भारत को इंग्लैंड के खिलाफ 9 फरवरी को दूसरा वनडे मैच खेलना है ऐसे में उससे तीन दिन पहल यानी केएल राहुल को 6 फरवरी को टीम के साथ जुड़ना होगा ताकि वो तीन दिनों की अनिवार्य आइसोलेशन अवधि को पूरा कर सकें। वहीं भारतीय टीम में तीन खिलाड़ियों के कोविड पाजिटिव पाए जाने के बाद अब जो टीम घोषित की गई थी उसमें सिर्फ पांच बल्लेबाज रोहित शर्मा, विराट कोहली, रिषभ पंत, सूर्यकुमार यादव, और आलराउंडर दीपक हुडा ही बचे थे। मयंक अग्रवाल को बुधवार (2 फरवरी) की देर रात टीम में शामिल किया गया और उनके गुरुवार को अहमदाबाद पहुंचने की उम्मीद है। उपलब्ध बल्लेबाजों की कमी को देखते हुए मयंक पहले वनडे में खेल सकते हैं और रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरूआत भी कर सकते हैं। वहीं आलराउंडर दीपक हुडा के लिए ये एक शानदार मौका है तो वहीं वाशिंगटन सुंदर को भी मौका मिलने की संभावना है क्योंकि आस्ट्रेलिया दौरे पर उन्होंने शानदार आलराउंड प्रदर्शन किया था और सातवें नंबर पर अच्छी बल्लेबाजी की थी।

## अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप में टीम इंडिया की बादशाहत, लगातार चौथे और कुल आठवीं बार फाइनल में




**नई दिल्ली।** आइसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप 2022 के सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया को हराकर टीम इंडिया फाइनल में पहुंच गई है। टीम लगातार चौथे और कुल आठवीं बार फाइनल में पहुंची है। उसके नाम सबसे ज्यादा बार अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने का भी रिकार्ड है। वह अबतक चार बार इस खिताब को अपने नाम कर चुकी है। तीन बार उपविजेता रही है और आठवीं बार वह शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में खेलेगी। आइए नजर डालते हैं टीम के शानदार रिकार्ड पर यश ढुल की कप्तानी वाली टीम इंडिया आइसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप 2022 के फाइनल में पहुंची है। इससे पहले टूनार्मेंट के पिछले तीन संस्करणों में भी टीम फाइनल में पहुंची है और एक बार खिताब अपने नाम किया है। दो साल पर होने वाले यह टूनार्मेंट पिछ्ली बार दक्षिण अफ्रीका में खेला गया था। प्रियम गर्ग टीम इंडिया के कप्तान थे। फाइनल में बांग्लादेश से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले साल 2018 में न्यूजीलैंड में खेले गए अंडर-19 वर्ल्ड कप में पृथ्वी शा की कप्तानी में टीम इंडिया आस्ट्रेलिया को हराकर विजेता बनी थी। साल 2016 में बांग्लादेश में खेले अंडर-19 वर्ल्ड कप में इशान किशन की कप्तानी वाली टीम को वेस्टइंडीज से हार का सामना करना पड़ा था। टीम इंडिया अंडर-19 वर्ल्ड कप 2022 से पहले सात बार फाइनल में खेली है। चार बार विजेता और तीन बार उपविजेता रही है।

## भारतीय टीम में गुरुवार को नहीं मिला कोई कोविड पाजिटिव, वनडे सीरीज की तैयारी शुरू

**नई दिल्ली:** वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले बुधवार को भारतीय कैंप में उस वक्त हड़कंप मच गया जब टीम के चार खिलाड़ी समेत सात सदस्य कोविड पाजिटिव पाए। वहीं इसके बाद गुरुवार को एक राहत की खबर सामने आई जिसमें ये पता चला कि इनके अलावा अन्य कोई खिलाड़ी या फिर सपोर्ट स्टाफ पाजिटिव नहीं है। इसके बाद रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले वनडे सीरीज के लिए ट्रेनिंग शुरू कर दी। इससे पहले जो खिलाड़ी या सपोर्ट स्टाफ पाजिटिव पाए गए थे उन्हें होटल की अलग मंजिल पर शिफ्ट कर दिया गया था और वो आइसोलेशन में हैं। भारत को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 6, 9 और 11 फरवरी को तीन मैचों की वनडे सीरीज में हिस्सा लेना है और इसके बाद ये टीम कोलकाता में तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने एएनआई को बताया कि बुधवार के बाद कोई नया केस सामने नहीं आया और जो खिलाड़ी निगेटिव हैं उन्होंने वनडे सीरीज के लिए तैयारी शुरू कर दी। सूत्र ने कहा कि टीम में अब कोई नया केस सामने नहीं आया है और खिलाड़ियों ने तैयारी शुरू कर दी है। जो पाजिटिव हैं वो मैदान और तैयारी से दूर हैं। भारतीय टीम की सेलेक्शन कमेटी ने मयंक अग्रवाल को टीम में शामिल किया था क्योंकि टीम के दोनों ओपनर बल्लेबाज शिखर धवन और रितुराज गायकवाड़ दोनों पाजिटिव पाए गए थे।



# समीर वानखेड़े पर बड़ी कार्रवाई

## नवी मुंबई स्थित होटल और बार का लाइसेंस हुआ रद

**ठाणेः** ठाणे के कलेक्टरराजेश नार्वेकर ने नवी मुंबई में स्थित सद्गुरु होटल और बार का लाइसेंस रद कर दिया है। इस होटल और बार के मालिक एनसीबी मुंबई के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े थे, जिन्होंने 1997 में दायर लाइसेंस आवेदन में अपनी उम्र को गलत तरीके से पेश किया था। उस समय समीर वानखेड़े के पिता ज्ञानदेव वानखेड़े आबकारी विभाग में कार्यरत थे। इस संबंध में समीर वानखेड़े को कारण बताओ नोटिस भेजकर पूछा गया था कि गलत दस्तावेज जमा करने के कारण आपके नाम पर यह लाइसेंस रद क्यों नहीं किया जाना चाहिए।मिली जानकारी के अनुसार समीर वानखेड़े के होटल और बार पर ये कार्रवाई द्य निषेध अधिनियम




की धारा 54 के तहत की गई है। इस कार्रवाई का कारण 1997 में दायर लाइसेंस आवेदन में उम्र को गलत तरीके से पेश करना बताया गया है। ठाणे के आबकारी अधीक्षक और वानखेड़े के वकील की बात सुनने के पश्चात, ठाणे कलेक्टर ने होटल का लाइसेंस रद करने का छह पृष्ठ का आदेश पारित किया बता दें कि कलेक्टर की जांच में पता चला कि वानखेड़े को 27 अक्टूबर 1997 को लाइसेंस जारी किया गया था। लाइसेंस प्राप्त करने के लिए 21 वर्ष की आयु आवश्यक थी, लेकिन वानखेड़े की उस समय उम्र 18 वर्ष से कम थी, इसलिए उनका लाइसेंस रद कर दिया गया। कलेक्टर ने मंगलवार को फाइल पर हस्ताक्षर किए, आज (बुधवार) आबकारी आयुक्त और वानखेड़े को आदेश की आधिकारिक सूचना दी जाएगी। गौरतलब है कि समीर वानखेड़े के मामले में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने मुंबई पुलिस को नवाब मलिक के खिलाफ अत्याचार का मामला दर्ज करने का आदेश दिया है। यह दावा एक दिन पहले भाजपा नेता मोहित कंबोज ने किया था। बता दें कि नवाब मलिक ने समीर वानखेड़े को मुस्लिम बताकर उनके दलित होने पर सवाल उठाया है। यहां सवाल यह उठता है कि इस वजह से समीर वानखेड़े के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई है? बार लाइसेंस मामले में समीर वानखेड़े दोषी हो सकते हैं, लेकिन कार्रवाई का समय संदिग्ध है।

## कर्ज में डूबे कारोबारी ने मुंबई में की आत्महत्या



**मुंबईः** उपनगरीय मलाड में एक 30 वर्षीय कारोबारी ने चार मंजिला इमारत की छत से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ये घटना बुधवार की है। मृतक का नाम सौरभ पितले है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि व्यवसायी अपने पीछे एक कथित सुसाइड नोट छोड़ गया है, जिसमें उसने दावा किया है कि उस पर 25 लाख रुपये का कर्ज है और उसे अपने लेनदारों को चुकाना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि मृतक की मलाड में एक इंजीनियरिंग कार्यशाला थी और कोरोना लाकडाउन के दौरान उसको व्यवसाय में काफी नुकसान हुआ था।अधिकारी ने कहा कि छत से कूदने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। स्थानीय निवासी व्यवसायी को अस्पताल ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने इस मामले में दुर्घटना मृत्यु रिपोर्ट (एडीआर) दर्ज कर ली है

TASNEEM COLLECTION
Online Shopping Hub
Only of Ladies Bags, Kurtis, Accessories
Kitchen & Household items
Baby products
Plastic items
And much more......all under one roof
Best business opportunity for housewives
to become reseller & earn at zero investment
RH 1, C 26 row house number,
Swamy Ayyappam temple road,
Sector. 8, New Mumbai,
Vashi-400 703
Farida Rampurawala :
8898065152

Mental health matters.
Whats App: +91 720421116
* I don't prescribe medicines

INDIVIDUAL COUNSELING
TEEN COUNSELING
COUPLES/MARRIAGE COUNSELING
Dr Vihan Sanyal
PSYCHOTHERAPIST
WWW.MINDFACTORY.CO.IN

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक – मुर्तुजा मामाजीवाला के द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, युनिट नं. 4, ग्राउंड फ्लोअर, एन. के इंडस्ट्रिअल इस्टेट, ऑफ आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रिअल इस्टेट के पास, गेट नं. 2, गोरेगाव (पूर्व),मुंबई - 400063 से मुद्रित कर शिव वातुक सेना कासिम नगर नियर लक्ष्मी इस्टेट न्यू लिंक रोड, अंधेरी (प),मुंबई -400053 प्रकाशित। संपादकः मुर्तुजा मामाजीवाला मों. 9819199997
T.C. NO. MAHHIN10172 ■ ईमेलः newsicon2021@gmail.com ■ newsicon.net